प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा में नया नेतृत्व: श्री जतिन कुमार नायक द्वारा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का कार्यभार संभालना

विद्युत, खनन एवं धातु क्षेत्रों तथा वित्तीय सेवाओं में तीन दशकों से अधिक का अनुभव तथा संसाधन नियोजन, परियोजना वित्तपोषण और संस्थागत प्रबंधन में विशेषज्ञता।



नई दिल्ली, 30,अक्टूबर 2026

श्री जतिन कुमार नायक ने आज भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अधीन नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम, भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में नई दिल्ली स्थित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया।

यह नियुक्ति मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति की स्वीकृति के उपरांत हुई है, जैसा कि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 29 अक्टूबर 2026 के आदेश द्वारा अवगत कराया गया था।

श्री नायक ने भुवनेश्वर (ओडिशा) के उत्कल विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। वे इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के फेलो मेंबर हैं और एक क्वालिफाइड कंपनी सचिव भी हैं। श्री नायक वित्तीय दक्षता के साथ-साथ सुशासन, विनियामक मामलों और बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों की कार्यप्रणाली की गहरी समझ रखते है।

सीएमडी के रूप में नियुक्त होने से पूर्व, श्री नायक भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन महारत्न सीपीएसई, आरईसी लिमिटेड में कार्यपालक निदेशक (वित्त) के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने आरईसी की सहायक कंपनी, पूर्ववर्ती आरईसी ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में भी सेवाएं प्रदान की हैं। अपने करियर के शुरुआती दौर में उन्होंने एनएचपीसी लिमिटेड, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) और निलांचल इस्पात निगम लिमिटेड में भी अपनी सेवाएँ प्रदान की है।

श्री नायक तीन दशकों से अधिक के समृद्ध एवं विविध अनुभव वाले एक अनुभवी पेशेवर हैं। उनके पास वित्तीय विशेषज्ञता, विद्युत क्षेत्र की गहन समझ तथा विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व का विशिष्ट अनुभव है। ऐसे समय में, जब भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को गति देने में वित्तपोषण की महत्वपूर्ण भूमिका है, उनका यह व्यापक अनुभव विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उनके व्यापक अनुभव में विद्युत क्षेत्र के साथ-साथ खनन एवं धातु जैसे संसाधन-प्रधान उद्योग भी शामिल हैं। उन्हें घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संसाधन प्रबंधन, रणनीतिक कोष प्रबंधन, कॉर्पोरेट वित्त, कराधान एवं विधिक मामलों, परियोजना मूल्यांकन एवं निगरानी, ऋण परिचालन, ऋण वसूली तथा दबावग्रस्त परिसंपत्तियों के प्रबंधन में भी पर्याप्त विशेषज्ञता प्राप्त है। उनकी व्यापक विशेषज्ञता और रणनीतिक दृष्टिकोण भारत में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास को प्रोत्साहित करने एवं

इसके वित्तपोषण के लिए इरेडा के मिशन को आगे बढ़ाने में सार्थक योगदान देंगे।

****